एक नजर में

साहित्यिक कृतित्व पर चर्चा व लोकार्पण

इंदौर, श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति द्वारा कालजयी साहित्यकार स्मरण श्रृंखला में इस बार 1967 में तीसरे ज्ञानपीठ पुरस्कारों से संयुक्त रुप से पुरस्कृत आधुनिक कन्नड़ भाषा के कवि के .वी. पुत्तपा एवं गुजराती के महान साहित्यकार उमाशंकर जोशी के साहित्यिक कृतित्व पर चर्चा की गई एवं दोनों के चित्रों का लोकार्पण भी किया गया. कार्यक्रम का संचालन कर रही डॉ. पद्मा सिंह ने दोनों साहित्यकारों के बारे में बताया. उमेश पारेख ने उमाशंकर जोशी के काव्य संग्रहों विश्व शान्ति और निशीथ पर चर्चा करते हुए इनकी गुजराती रचनाओं का पाठ किया तथा उनका हिन्दी अनुवाद भी श्रोताओं को सुनाया. भरत कुमार ने भी एक रचना का पाठ किया .कार्यक्रम के दूसरे सत्र में सृजन विविधा के अन्तर्गत रचनाकारों ने 'युवा पीढ़ी' विषय पर अपनी रचनायें सुनाई. अंत में आभार प्रधान मंत्री अरविन्द जवलेकर ने व्यक्त किया. कार्यक्रम में सर्वश्री हरेराम वाजपेयी, त्रिपुरारीलाल शर्मा, डॉ. निशिकांत कोचकर, पवन सोलंकी, नितेन्द्र मानव, दिलीप नेमा, राधिका इंग्ले, जगदीश अवस्थी, राजेन्द्र शुक्ला आदि काफी संख्या में साहित्यकार एवं सुधीजन उपस्थित थे.

जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीज़न की मासिक सभा

इंदौर. जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीज़न, इंदौर मानव सेवा में अग्रणी, जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीज़न इंदौर की मासिक साधारण सभा द ब्लू लॉट्स गार्डन योजना क्र 71 पर आयोजित की गई है. इसमें संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया .अध्यक्ष सुरेश देशलेहरा ने आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी. मानव सेवा के अंतर्गत इस माह में 4 शिविर आयोजित किये गये जिसमें 1100 मरीजों का परिक्षण किया गया. इसमें 110 के ऑपरेशन हुए एवं 480 चश्मों का निशुल्क वितरण किया गया. ग्रुप के द्वारा कन्या विद्यालय खजराना, इंदौर एवं केशरदेवी पब्लिक स्कूल, चोरल में शिक्षण सामग्री वितरित किये गये साथ ही समाज के होनहार छात्र/छात्रा को स्कालरशिप प्रदान की गई. सभा में गोपीलाल सामोता, भंवरलाल कासवा, विजयसिंह नाहर, सुरेशचंद जैन, अशोक सोजतिया, श्रेनिक तांतेड, जिनेन्द्रकुमार पारख, एस के मारू, सुरेश सकलेचा आदि सदस्य उपस्थित थे. संचालन सचिव किरण संचेती ने किया. आभार प्रदर्शन सचिव अरविन्द चौधरी ने किया.

सीड बाल वितरण अभियान का शुभारंभ

इंदौर. बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन के तहत गोयल पारमार्थिक ट्रस्ट के सहयोग से शहर को हराभरा बनाने की दिशा में एक अभिनव पहल की गई है. इसके अंतर्गत राजस्थान के एक सांवरिया स्वयं सहायता समूह के सहयोग से शहर में करीब 7500 सीड बॉल का वितरण किया जा रहा है. यह सीड बॉल उक्त स्वयंसेवी समूह की ग्रामीण महिलाओं ने इंदौर में आकर ही तैयार किए हैं जिसमें वट, पीपल, जामुन, नीम, अश्वगंधा आदि के बीज गोबर एवं मिटटी के मिश्रण सहित रखे गए हैं. गीता भवन में आयोजित एक समारोह में समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, किशोर गोयल, राजेश बंसल एवं आशा जैन ने स्वयं सहायता समूह के प्रवीर की मौजूदगी में इस अभियान का शुभारंभ किया. अभियान के तहत चमेलीदेवी योग केंद्र के शहर में चल रहे सभी 18 केन्द्रों पर यह सीड बॉल वितरण किए जा रहे हैं. ये सभी सीड बॉल ऐसे स्थानों पर फेंके जाएँगे जो जंगल, नदी, नाले अथवा अपने आंगन के आसपास खुली जगह पर रोपित करने के लिए दिए गए हैं. इस तरह शहर के विभिन्न कॉलोनियों में प्रथम चरण में 2 हजार पैकेट बांटे गए हैं. चमेलीदेवी योग केंद्र के साधक इन सीड बॉल को उपयुक्त क्षेत्र में रखकर आसपास के क्षेत्र को हराभरा बनाएँगे.

रीगल चौराहे का नाम बदलकर अधिवक्ता चौराहा करने की मांग

इंदौर. इंदौर अभिभाषक संघ ने न्याय व्यवस्था और अधिवक्ताओं से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रशासनिक न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर को ज्ञापन सौंपकर कई मांगें रखीं. संघ ने हाई कोर्ट और जिला न्यायालय के बीच स्थित वर्तमान रीगल चौराहे का नाम बदलकर अधिवक्ता चौराहा किए जाने तथा न्यायालय परिसर में लेडी ऑफ जस्टिस की प्रतिमा के स्थान पर इंदौर की आराध्य देवी मां अहिल्या की प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है. अभिभाषक संघ की कार्यकारिणी ने ज्ञापन के माध्यम से न्यायालय और अधिवक्ताओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से न्यायमूर्ति को अवगत कराया. संघ पदाधिकारियों ने विशेष रूप से धारा 138 के लंबित प्रकरणों के कारण अधिवक्ताओं को आ रही परेशानियों, जिला न्यायालय की व्यवस्थाओं और परिवार न्यायालय से संबंधित समस्याओं का मुद्दा उठाया. ज्ञापन में परिवार न्यायालय के पीठासीन अधिकारी धीरेंद्र सिंह के व्यवहार को लेकर भी शिकायत की गई. संघ पदाधिकारियों ने अधिवक्ताओं के साथ कथित दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की. इस पर प्रशासनिक न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया. ज्ञापन देने वालों में अभिभाषक संघ के अध्यक्ष राकेश पाल, उपाध्यक्ष जितेंद्र निम, सचिव धर्मेंद्र गुर्जर, सह-सचिव निमेष सोलंकी, कोषाध्यक्ष पल्लविका अध्यारू सहित कार्यकारिणी सदस्य आयुष भोरहरी, सुमनलता मुकाती, सुधीर व्यास, नितिन पराशर, स्नेहिल वर्मा और श्यामा वर्मा शामिल रहे.

नगर में आज

तुलसी परिवार का गुरु पूर्णिमा महोत्सव

समय- 10 बजे, **स्थान**- जाल सभाग्रह

लाइफ स्टाइल एक्जीबिशन

समय- 11 बजे से, **स्थान**- द पार्क होटल.

एक सप्ताह भी नहीं टिक सकी सड़क

- रेती मंडी ओवरब्रिज के नीचे उखड़ गई सड़क
- हाल ही में बनी सड़की की गुणवत्ता पर उठे सवाल

इंदौर. राऊ मार्ग स्थित रेती मंडी ओवरब्रिज के नीचे हाल ही में बनाई गई सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं. सड़क बनने के महज एक सप्ताह के भीतर ही उखड़ने लगी. पहली ही बारिश में सड़क की परत बह गई और जगह-जगह गड्ढे बन गए, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. साथ ही दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है.

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क का निर्माण उनके सामने हुआ था, लेकिन निर्माण कार्य में गुणवत्ता का अभाव साफ दिखाई दे रहा है. लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी की गई, जिसके कारण पहली ही बारिश में सड़क क्षतिग्रस्त हो गई.

जल्द फिर से निर्माण किया जाएगा: एसडीओ मनोज जैन ने कहा कि सड़क का ताजा काम किया गया था, लेकिन बारिश होने के कारण सड़क उखड़ गई, सड़क का निर्माण कार्य जल्द फिर से किया जाएगा।

वाहन चलाना हुआ मुश्किल

प्रतिदिन इसी मार्ग से आवागमन करने वाले अक्षत तिवारी ने बताया कि सड़क बने अभी एक सप्ताह भी नहीं हुआ था कि यह पूरी तरह उखड़ गई. अब जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, जिससे वाहन चलाना मुश्किल हो गया है और हादसे का खतरा लगातार बना हुआ है.

सड़क हादसे में वृद्ध की मौत मामले में चालक को दो साल की सजा

इंदौर. तेज रफ्तार और लापरवाही से एक्टिवा चलाकर एक बुजुर्ग को टक्कर मारने और बाद में उनकी मौत होने के मामले में न्यायालय ने आरोपी चालक को दोषी मानते हुए दो साल के कारावास की सजा सुनाई है. न्यायालय ने आरोपी पर 500 रुपए का अर्थदंड भी लगाया है.

प्रभारी उपनिदेशक अभियोजन राजेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी प्रिंसी अग्रवाल की अदालत ने थाना अन्नपूर्णा के वर्ष 2017 के प्रकरण में 55 वर्षीय आरोपी हरीश मौरे निवासी इंदौर को एक मामले के तहत दोषी ठहराते हुए यह सजा सुनाई. मामले में शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी वर्षा पाठक ने की. घटना 14 जनवरी 2017 की शाम करीब 7.35 बजे अन्नपूर्णा रोड स्थित चौधरी साइकिल के सामने हुई थी. फरियादिया अपने ससुर रामकिशन चौहान को इलाज के लिए क्लीनिक लेकर जा रही थी. इसी दौरान महू नाका की ओर से आए एक्टिवा चालक हरीश मौरे ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी थी. हादसे में रामकिशन चौहान के सिर, चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं. उन्हें उपचार के लिए यूनिक अस्पताल में भर्ती कराया था. पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी. जांच के दौरान चिकित्सकीय रिपोर्ट में अस्थिभंग की पुष्टि होने पर प्रकरण में धारा 338 बढ़ाई गई. इलाज के कुछ समय बाद चोटों के कारण रामकिशन चौहान की मौत हो गई, जिसके बाद पुलिस ने मामले में एक अन्य धारा का इजाफा भी किया था.

पता पूछा तो छात्र पर चाकू से हमला कर मोबाइल और पर्स लूट लिया

इंदौर. पंढरीनाथ थाना क्षेत्र के मोती तबेला में पता पूछने पर तीन बदमाशों ने एक छात्र पर चाकू से हमला कर दिया. वारदात के बाद आरोपी उसका मोबाइल और पर्स लूटकर फरार हो गए. घायल छात्र का एमवाय अस्पताल में इलाज चल रहा है.

सूरज नगर में रहने वाले 25 वर्षीय सचिन देर रात मोती तबेला क्षेत्र में किसी पते की जानकारी पूछ रहे थे. इसी दौरान वहां मौजूद तीन युवकों से उनका विवाद हो गया. विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने सचिन पर चाकू से हमला कर दिया और उनका मोबाइल व पर्स लूटकर फरार हो गए. आसपास के लोगों ने घायल को एमवाय अस्पताल पहुंचाया, पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है.

इंदौर को कोई उपेक्षित नहीं कर सकता : ताई

जन संवाद में चिंतित इंदौर अपेक्षित इंदौर पर गहन चिंतन

इंदौर. इंदौर को कोई उपेक्षित नहीं कर सकता है। यह शहर यहां के नागरिकों के दम पर बना है। नर्मदा का पानी हम लड़ाई लड़ कर लाए हैं। इंदौर में सरकार के द्वारा बड़ी विकास योजनाओं को आकार दिया गया है। यह एक ऐसा शहर है जहां की जनता ही शहर की चिंता करती है.

यह बात लोकसभा की पूर्व स्पीकर और इंदौर की पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन ने कही. वे आज यहां इंदौर प्रेस क्लब में अभ्यास मंडल के द्वारा आयोजित जन संवाद को संबोधित कर रही थी. इस जनसंवाद का विषय चिंतित इंदौर उपेक्षित इंदौर रखा गया था. इस जन संवाद में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ प्रतिनिधियों के द्वारा अपनी बात रखी गई. इस जन संवाद की अध्यक्षता करते हुए सुमित्रा महाजन ने कहा कि यहां पर सभी काम करने वाले लोग बैठे हैं उनके होते हुए इंदौर की अपेक्षा कैसे हो सकती है. इंदौर की अपेक्षा कोई नहीं कर सकता है अलबत्ता यह सच है कि इंदौर का सुव्यवस्थित विकास नहीं हो रहा है. इस जन संवाद को मदन राणे, ग्रीष्मा त्रिवेदी, इंदौर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अरविंद तिवारी, मुकेश तिवारी, वैशाली खरे, श्याम पांडे, अनिल बोरगांवकर आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए. इस जन संवाद के अंत में पूरे संवाद के निष्कर्ष पर अभ्यास मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता ने प्रकाश डाला. आभार प्रदर्शन माला सिंह ठाकुर ने किया.

जनसहभागिता से मास्टर प्लान का निर्माण

इस बैठक में पीथमपुर औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष गौतम कोठारी ने कहा कि पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र का विकास तो हुआ है लेकिन अपेक्षित विकास नहीं हो सका है. आर्किटेक्ट अतुल सेठ ने कहा कि मास्टर प्लान का निर्माण शहर की जनता की सहभागिता से होना चाहिए. पर्यावरणविद डॉ ओ पी जोशी ने कहा कि इंदौर की हवा, पानी और हरियाली की स्थिति खराब है. रेलवे क्षेत्र के विशेषज्ञ नागेश नामजोशी ने कहा कि हमें इस बात पर विचार करना चाहिए कि हम अपेक्षा की स्थिति से बाहर कैसे आएं. शिक्षाविद डॉ शंकर लाल गर्ग ने कहा कि इंदौर को सर्वश्रेष्ठ बनाने पर ध्यान देना होगा. यहां पर अभी भी पानी भोजन और यातायात की समस्या है. जल विशेषज्ञ ओपी श्रीवास्तव ने कहा कि इंदौर की पानी और ड्रेनेज की लाइन की समीक्षा किए जाने की जरूरत है.

भक्ति और श्रद्धा देवताओं को भी झुका देती है : स्वामी भवानी नंदन

महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनंदन यतीजी महाराज का शहर में ऐतिहासिक स्वागत

इंदौर. यति परंपरा के 900 वर्ष प्राचीन ऐतिहासिक सिद्धपीठ हथियाराम मठ, गाजीपुर के वर्तमान 26वें पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनंदन यती महाराज का 16 वर्षों के लंबे अंतराल के पश्चात इंदौर आगमन हुआ. एयरपोर्ट पर सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालुओं ने स्वागत किया. ढोल-धमाकों के बीच महाराजश्री को सांवेर स्थित विश्वनाथ धाम ले जाया गया. काफिले के मार्ग में धरमपुरी सहित आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं ने स्वागत किया.

विश्वनाथ धाम परिसर श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भर गया था. सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए महाराज स्मृति हॉल पहुंचे, जहां उन्होंने ब्रह्मलीन स्वामी बालकृष्ण यती महाराज की प्रतिमा का विधिवत पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. महाराज श्री का स्वागत विश्वनाथ धाम ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश कचोलिया एवं मंत्री पंकज मित्तल ने किया. इसके साथ ही धीरेन पटेल, अनिल मदान, रमाकांत अग्रवाल, स्कूल प्राचार्या खुशबू झा, मुन्ना सेठी एवं संजय पंवार ने भी महाराज श्री का स्वागत-अभिनंदन किया. अपने आशीर्वचन में महाराज श्री ने कहा कि भक्ति, आस्था और श्रद्धा ऐसी शक्तियां हैं जो मनुष्य ही नहीं, देवताओं को भी झुकने के लिए बाध्य कर देती हैं. महाराज श्री ने कहा कि वे स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं कि आज उन्हें अपने गुरुधाम- जहां बालकृष्ण यतीजी महाराज विराजमान रहे- पधारने का सुअवसर प्राप्त हुआ।

मीरा गार्डन में सहस्रचंडी यज्ञ की पूर्णाहुति

महाराज श्री एबी रोड स्थित मीरा गार्डन पहुंचे, जहां विगत कई नौ दिनों से सुभाष गोयल केयहां चल रहे सहस्रचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति दोपहर 2 बजे महाराज श्री के पावन सानिध्य में संपन्न हुई. समस्त कार्यक्रमों के समापन पर सायं लगभग 5 बजे महाराज श्री बनारस के लिए प्रस्थान कर गए. इस पावन पर बनारस से पधारे विपिन सिंह एवं शिवानंद सिंह सहित विनोद चंदानी, विष्णु बिन्दल, राधेश्याम शर्मा, हेमंत गोयल, रामदास अग्रवाल, धनसिंह पंवार, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे.

रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में चोरी के 5 मामले

नव भारत न्यूज

इंदौर. रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में यात्रियों के सामान चोरी होने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं. जीआरपी इंदौर ने अलग-अलग घटनाओं में चोरी के प्रकरण दर्ज किए हैं. इनमें महू रेलवे स्टेशन से बाइक चोरी, ट्रेनों में यात्रियों के बैग और मोबाइल चोरी के मामले शामिल हैं.

महू रेलवे स्टेशन से बड़गोंदा निवासी संदीप पटवारी की बाइक चोरी हो गई. उन्होंने अपनी हीरो एचएफ डीलक्स बाइक (कीमत करीब 15 हजार रुपए) स्टेशन परिसर में खड़ी की थी. वापस लौटने पर बाइक गायब मिली. शिकायत पर जीआरपी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है. वहीं ट्रेनों में सफर के दौरान यात्रियों के सामान चोरी होने के चार मामले भी सामने आए हैं. एक मामले में हातोद निवासी पूजा भाटी का पर्स कामाख्या एक्सप्रेस से चोरी हो गया. पर्स में दो मोबाइल, सोने का मंगलसूत्र और नकदी समेत करीब 43 हजार रुपए का सामान था.

इसी तरह विजय नगर निवासी द्वारका प्रसाद चौधरी का ट्रेन में सफर के दौरान बैग चोरी हो गया. बैग में मोबाइल और 20 हजार 500 रुपए नकद रखे थे. बैग बाद में ट्रेन के टॉयलेट में मिला, लेकिन मोबाइल और नकदी गायब थी. एक अन्य यात्री शबीना निवासी महू का ट्रॉली बैग कामाख्या एक्सप्रेस से चोरी हो गया. बैग में करीब 5200 रुपए के कपड़े रखे थे. वहीं अनिल राठौर का भोपाल इंदौर एक्सप्रेस में चढ़ते समय जेब से मोबाइल चोरी हो गया. जीआरपी पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर संबंधित थाना क्षेत्रों को जांच के लिए जानकारी भेजी है.

मनोरमागंज में 1.24 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

इंदौर. मनोरमागंज क्षेत्र में खाली प्लॉट के पास गांजा लेकर खड़े युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी के पास से 1.24 किलो गांजा और दो मोबाइल फोन मिले हैं. जब्त गांजे की कीमत करीब 25 हजार रुपए बताई है.

देर रात मनोरमागंज स्थित खाली प्लॉट के पास संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर कार्रवाई की गई. मौके पर मिले अंकुश निवासी पासी मोहल्ला, बड़ी ग्वाल टोली की तलाशी लेने पर उसके पास से गांजा बरामद हुआ. आरोपी के कब्जे से 1.24 किलो गांजा और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

मानवीय मूल्यों की मजबूती के लिए निरंतर प्रयास की जरूरत : सुधासागर

इंदौर. सूर्य कभी अपनी गति को कम ज्यादा नहीं करता, वह निरंतर चलते हुए सबको बिना किसी भेदभाव के प्रकाश देता है. हम अपने द्वार को खोलकर रखेंगे तो सूर्य का प्रकाश मिलेगा ही, इसी तरह हम मानवीय मूल्यों की कद्र करेंगे तो हम चाहें या न चाहें, प्रतिफल तो अपने आप मिलेगा ही. अच्छा काम करने वालों की जगत में हमेशा अच्छाई ही होती है. आज के समय में मानवीय मूल्यों की मजबूती के लिए निरंतर प्रयास करने की सख्त जरूरत है।

ये आशीर्वचन हैं राष्ट्र संत मुनि पुंगव सुधासागर महाराज के, जो उन्होंने एयरपोर्ट रोड स्थित सुमति धाम पर अपने भव्य पदार्पण के दौरान महती धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए. इसके पहले सेटेलाइट नगर से सुधासागर म.सा. ससंघ 18 पिच्छिकाओं का मंगल विहार करते हुए सुमति धाम गोधा इस्टेट पधारे, जहाँ हजारों श्रद्धालुओं ने उनकी गरिमापूर्ण अगवानी की. इस अवसर पर अपने आशीर्वचन में भक्तों से आग्रह किया कि वे कभी भी यह विचार और शब्द नहीं लाएं कि यह मेरे बस की बात नहीं. यदि आप सब ने ऐसा संकल्प कर लिया तो इंदौर में मेरा चातुर्मास सफल हो जाएगा.

भारतीय संस्कारों के प्रखर चिंतक...

सुधासागर महाराज को राज्य सरकार ने राजकीय अतिथि का दर्जा घोषित किया है. मप्र महासभा के संयोजक विजय धुर्रा ने बताया कि मप्र सरकार ने राष्ट्र संत सुधासागर को राजकीय अतिथि घोषित किया है. उनका चिंतन हमेशा देश और समाज उत्थान के लिए ही होता है तथा भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों के वे प्रखर चिन्तक हैं. उनकी पावन निश्रा में चातुर्मास का दिव्य आयोजन मंगल पावन वर्षा के रूप में 26 जुलाई को भव्य भंगल प्रवेश के साथ होने जा रहा है।

एक नजर में | अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद और लोकमान्य तिलक जयंती पर भव्य आयोजन

पांच विभूतियों को किया सम्मानित, गूंजे देशभक्ति गीत

इंदौर। श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट, नेताजी सुभाष चंद्र बोस अखिल भारतीय स्वतंत्र सेनानी उत्तराधिकारी संगठन और अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के संयुक्त तत्वावधान में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद एवं लोकमान्य तिलक की जयंती पर एक भव्य आज़ाद-तिलक अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों की पांच प्रतिष्ठित विभूतियों को सम्मानित किया गया और देशभक्ति गीतों से पूरा माहौल गूंज उठा.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एवं मध्यस्थता केंद्र के चीफ जस्टिस शमीम कुरैशी (मोहम्मद शमीम) थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल ने की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में हेमराज वाडिया उपस्थित रहे. कार्यक्रम में अनिल आजाद, गणेश वर्मा, जगदीश सतेया, बंटी कुमरावत, उमाशंकर रायकवार, ओ.पी. वर्मा, आदि ने अतिथियों का स्वागत किया. समारोह के संयोजक विनोद सत्यनारायण पटेल ने बताया कि समाज और राष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली पांच महान हस्तियों को आज़ाद-तिलक अलंकरणसे अलंकृत किया गया. इनमें हॉकी कोच अशोक यादव, शिक्षाविद डॉ. ओमप्रकाश धीमान, समाजसेवी राजेंद्र सोनी, सीमा सेन और हुकम यादव शामिल है. संचालन मदन परमालिया ने किया. आभार जगदीश जोशी ने माना.

समाजसेवा की डगर कठिन...

मुख्य अतिथि जस्टिस शमीम कुरैशी ने कहा कि समाज सेवा की डगर बहुत कठिन है और जो लोग इस कार्य को पूरी निष्ठा से कर रहे हैं, वे वंदनीय हैं. हम सभी को समाज से जो मिला है, उस ऋण को चुकाने के लिए कुछ सार्थक कार्य जरूर करने चाहिए, तभी हमारी आजादी सार्थक होगी. पूर्व विधायक एवं अध्यक्ष सत्यनारायण पटेल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए स्वाधीनता सेनानियों ने अनगिनत कुर्बानियां दी हैं. अब समय आ गया है कि हम उनके बलिदान को सार्थक करते हुए उनके सपनों का भारत बनाएं.

हवन के साथ भागवत ज्ञान यज्ञ का समापन

इंदौर, . बर्तन कितना ही सुंदर और कीमती हो, यदि उसमें छिद्र होगा तो उत्तम पदार्थ भी बह जाएगा. जीवन यात्रा में भी ऐसे अनेक छिद्र बनते रहते हैं, जो हमारे सदगुणों को बहा ले जाते हैं. कुसंग से बड़ा कोई छिद्र नहीं होता, लेकिन यदि सत्संग का कवच होगा तो आत्म कल्याण के साधन बचे रहेंगे. ये विचार हैं वृन्दावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती के, जो उन्होंने गीता भवन में भक्त मंडल एवं अखंड प्रणव योग वेदांत पारमार्थिक न्यास के तत्वावधान में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ के समापन एवं यज्ञ हवन के पश्चात आयोजित अपने अभिनन्दन समारोह में व्यक्त किए. इस अवसर पर समाजसेवी सुरेश शाहरा, गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री रामविलास राठी, कमल राठी, मनोज गुप्ता, गोलू सिसोदिया, आनंद चौकसे आदि ने शॉल-श्रीफल भेंट कर महामंडलेश्वरजी का इंदौर के भक्तों की ओर से अभिनंदन किया. इस मौके पर रामवती गुप्ता, राजेंद्र रुक्मणी माहेश्वरी, लीला राजेश अग्रवाल, बसन्तीलाल गोयल एवं श्रीमती माधुरी मृदुला शाहरा आदि ने भी स्वामी प्रणवानंद का स्वागत किया.